# छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल

ऑफिस कॉम्प्लेक्स प्रथम तल ब्लॉक–A एकात्म पथ,सेक्टर–24 अटल नगर, रायपुर (छ0ग0)
ईमेल– secretaryboc@gmail.com, phone No. 0771-2971063

## //अधिसूचना//

नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 09/12/2022

क्रमांक/68/04/योजना/बीओसी/2022/132........."भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा–शर्त विनियमन) अधिनियम, 1996" सहपठित "छत्तीसगढ़ भवन और अन्य सन्निर्माण कर्मकार (नियोजन तथा सेवा–शर्त विनियमन) नियम 2008" के नियम 277 तथा 279 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए छ0ग0 भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल एतद् द्वारा छ0ग0 भवन और अन्य सन्निर्माण कल्याण मंडल के हितग्राहियों के लिए निम्नानुसार नवीन योजना **"निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना"** बनाती है :–

**(क) योजना का नाम :–**

योजना का नाम **"निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु सहायता राशि योजना"** होगा।

**(ख) योजना का उद्देश्य :–**

छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शिक्षा सहायक सामग्री जैसे – गणवेश एवं लेखन सामग्री की पूर्ति के उद्देश्य से सहायता स्वरूप राशि दी जावेगी।

**(ग) योजना का प्रावधान :–**

1. यह योजना उन भवन और अन्य निर्माण कर्मकारों पर प्रभावशील होगी, जो अधिनियम की धारा 12 के अंतर्गत हिताधिकारी के रूप में पंजीबद्ध हो।
2. योजना के अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक के प्रथम 2 बच्चों को ही योजना का लाभ प्रदाय किया जावेगा।

**(घ) योजना में देय हितलाभ :–**

1. प्रत्येक कक्षा व पाठ्यक्रम के समक्ष उल्लेखित अनुरूप शाला गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु प्रस्तावित देय सहायता राशि एक मुश्त देय होगी।

| क्र0 | कक्षा | शाला गणवेश एवं पुस्तक कॉपी हेतु प्रस्तावित देय सहायता राशि |
|---|---|---|
| 1 | कक्षा 01 से 08 तक | रू 1,000 |
| 2 | कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक | रू 2,000 |

निरंतर.....................2

**(ङ.) योजना हेतु पात्रता :–**

1. मंडल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 1 से 12 वीं तक देय छात्रवृत्ति के लिए पात्र श्रमिक के बच्चे योजनांतर्गत पात्र होंगे।
2. योजना के लाभ हेतु अंको की बाध्यता नहीं होगी।

**(च) योजना हेतु आवेदन की प्रक्रिया :–**

1. योजनांतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को पृथक से आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।
2. योजना के तहत् मंडल अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत कक्षा 1 से कक्षा 12 वीं तक की छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाईन प्राप्त आवेदनों की स्वीकृति उपरांत स्वीकृत आवेदन **निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क गणवेश एवं लेखन सामग्री हेतु सहायता योजना** हेतु स्वतः लाभान्वित होंगे।

**(छ) स्वीकृति का अधिकार :–**

पात्रता की जांच उपरांत संबंधित क्षेत्राधिकारिता के श्रम कार्यालय के सहायक श्रमायुक्त / श्रम पदाधिकारी / सहायक श्रम पदाधिकारी / श्रम निरीक्षक / श्रम उप निरीक्षक द्वारा आवेदनों की स्वीकृति की जावेगी।

**(ज) भुगतान की प्रक्रियाः–**

योजनांतर्गत पात्र पाए जाने वाले आवेदकों को योजनांतर्गत प्रावधानित राशि की स्वीकृति प्रदान करते हुए हितग्राही / उनके पुत्र पुत्रियों के खाते में आर0टी0जी0एस0 / एन0ई0एफ0टी / डी0बी0टी0 के माध्यम से राशि स्थानांतरित किया जावेगा।

**(झ.) विसंगति का निराकरण :–**

योजना में उल्लेखित शर्तों / नियमों के अतिरिक्त यदि कोई विसंगति उत्पन्न होती है, तो उस स्थिति में सचिव, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल का निर्णय अंतिम माना जावेगा।

**(ञ) योजना की प्रभावशीलता :–**

यह योजना अधिसूचना जारी दिनांक से संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रभावशील होगी।

**(छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग द्वारा अनुमोदित)**

(सविता मिश्रा)
सचिव
छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मंडल, अटल नगर

निरंतर.............................3

पृ0क्रमांक / 68 / 04 / योजना / बीओसी / 2022 / 5342-5357 नवा रायपुर, अटल नगर, दिनांक 09/12/22
प्रतिलिपि :—

1. विशेष सहायक, माननीय श्रम मंत्रीजी, छ0ग0 शासन, श्रम विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)।
2. निज सहायक, माननीय अध्यक्ष, छ0ग0 भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)।
3. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, श्रम विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)।
4. श्रमायुक्त, श्रमायुक्त कार्यालय, खण्ड–03, व्दितीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)।
5. सचिव, छ0ग0 भवन एवं अन्य सनिनर्माण कर्मकार कल्याण मंडल नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)।
6. प्रभारी अधिकारी, छ0ग0 असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल खण्ड–03, व्दितीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)।
7. कल्याण आयुक्त, छ0ग0 श्रम कल्याण मंडल, प्रवीण भवन 31 / 520, न्यू शांति नगर, रायपुर (छ0ग0)।
8. संचालक, संचालनालय, कर्मचारी राज्य बीमा सेवायें इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)।
9. संचालक, संचालनालय, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0)।
10. समस्त जिला कलेक्टर, ........................................................................(छ0ग0)।
11. समस्त सहायक श्रमायुक्त / श्रम पदाधिकारी / सहायक श्रम पदाधिकारी कार्यालय ....................................................................................(छ0ग0)।
12. समस्त उप संचालक / सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा कार्यालय ....................................................................................(छ0ग0)।
13. संचालक, जनसंपर्क संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर उपरोक्त अधिसूचना जन सामान्य के सूचनार्थ समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
14. उप संचालक, शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, खैरागढ़ रोड़, राजनांदगांव (छ0ग0) की ओर आगामी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने हेतु प्रेषित् कर लेख है कि कृपया प्रकाशित राजपत्र की 100 प्रतियां विभाग को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
    की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित्।
15. एन0आई0सी0 शाखा, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल नवा रायपुर, अटल नगर (छ0ग0) की ओर **तत्काल** वेब साईट में अपलोड करने बाबत्।
16. गार्ड फाईल।

**की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित्।**

सचिव
छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण
कर्मकार कल्याण मंडल, अटल नगर